24828

III 173

बिहार सरकार
जिला निबंधन कार्यालय, पटना

दिनांक **26/09/2007** को श्री/श्रीमती **Tara Devi** द्वारा यह **दस्तावेज** निबंधन हेतु उपस्थापित किया गया । इसमें रु० **0/-** मुद्रांक शुल्क एवं रु० **1654/-** निबंधन तथा अन्य शुल्क का भुगतान किया गया । दस्तावेज ग्राह्य पाया गया । जिन लेख्यकारियों ने मेरे समक्ष **इसका** निष्पादन स्वीकार किया उनके तथा उनके पहचानकर्त्ता के नाम, फोटो, अंगुलियों के निशान एवं **हस्ताक्षर** पीछे अंकित है । इसे दस्तावेज सं० **173** के रूप में पुस्तक सं० **3** की जिल्द सं० **2** के पृष्ट सं० **433** से **440** तक **CD 1** में आज निबंधित एवं कुल **8** पृष्टों में संधारित किया गया ।

ह०

Date : 26/09/2007

(Mukta Verma)
निबंधन पदाधिकारी

27

26/9/07

26/9/07

400=00
54=00
750=00
200=00
1404=00

26/9/07

1. *नाम लेख्यकारिणी एवं पता :-*

श्रीमती तारा देवी जौजे स्व. डा. स्वामीनन्दन प्रसाद, उम्र 78 वर्ष निवासी- शिवशक्ति, एस.पी.वर्मा रोड, थाना- गाँधी मैदान, जिला- पटना, नागरिकता- भारतीय ।

2. *नाम लेख्यधारीगण एवं पता :-*

(1) श्री रविनन्दन प्रसाद

(2) श्री राजनन्दन प्रसाद (दोनों वल्दान स्व. डा. स्वामीनन्दन प्रसाद) दोनों निवासी- शिव शक्ति, एस.पी. वर्मा रोड, थाना- गाँधी मैदान, जिला- पटना, नागरिकता- भारतीय।









Tara Devi

26.9.2007





Tara Devi

26.9.2007



Vikash Majoorwar

S/o Sri B.K. Majoorwar

R.F. 143, Karkas Bagh

Colony, Patna-20

26/9/2007

3. *लेख्य का प्रकार*

वसीयतनामा (डीड ऑफ वील)

4. *लेख्य संपत्ति का विवरण-*

(1) स्टेट बैंक ट्रेनिंग सेन्टर पटना 36000 वर्गफीट निर्मित पर 3 मंजिला भवन है, जिसका तौजी नं.- 5586, खाता नं.- 138 (एक सौ अड़तीस), प्लौट नं.- 1036 (एक हजार छत्तीस), थाना नं.- 11, खाजपुरा, होल्डिंग नं.- 368, सर्किल नं.- 268, खाजपुरा में अवस्थित है जिसका चौहद्दी इस प्रकार है :-

चौहद्दी

उत्तर - बेली रोड
दक्षिण - श्रीमती तारा देवी
पूरब - शिव मंदिर
पश्चिम - 19 फीट, ब्रांच रोड

(2) फ्लैट नं.- 203, 204, 401 एवं 404 जो तारा इनक्लेव में अवस्थित है एवं 6-17 कट्ठा जमीन पर निर्मित है जिसका म्यूनिशिपल सर्वे प्लौट नं.- 1402, 1402 उपं 1401 अंश, तौजी नं.- 5586, खाता नं.- 138, थाना नं.-11, सर्किल नं.- 269 जो खाजपुरा में अवस्थित है, जिसका चौहद्दी इस प्रकार है :-

चौहद्दी

उत्तर - रोड
दक्षिण - अपार्टमेंट
पूरब - नन्दन होम
पश्चिम - रोड

(3) फ्लैट नं.- ए/11 एवं ए/13 जो नन्दन होम्स में अवस्थित है एवं तौजी नं.- 5586, खाता नं.- 138, थाना नं.- 11, सर्किल नं.- 269 जो खाजपुरा में अवस्थित है, जिसका चौहद्दी इस प्रकार है :-

चौहद्दी

उत्तर - स्टेट बैंक ट्रेनिंग सेन्टर
दक्षिण - अपार्टमेंट
पूरब - अपार्टमेंट
पश्चिम - तारा इनक्लेव



(4) होल्डिंग नं.- 245, न्यू एवं 86, पुराना वार्ड नं.- 2, सर्किल नं.- 6, फ्रेजर रोड में दो मंजिला मकान अवस्थित है, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है।

चौहद्दी

उत्तर - फ्रेजर रोड
दक्षिण् - रोड
पूरब - मकान स्व. रामपदारथ जायसवाल
पश्चिम - एस.पी.वर्मा रोड

संदर्भ

मैं तारा देवी उम्र 78 वर्ष पत्नी स्व. डा. स्वामी नन्दन प्रसाद निवासी -शिव शक्ति, एस.पी.वर्मा रोड, थाना- गाँधी मैदान, जिला- पटना स्वेच्छा से यह वसीयतनामा लिखती हूँ एवं एकरार करती हूँ कि मेरे पति स्व. डा. स्वामीनन्दन प्रसाद की मृत्यु 19.04.1983 को हुई। हमारे दो लड़के श्री रविनन्दन प्रसाद एवं श्री राजनन्दन प्रसाद है तथा चार लड़कियाँ है।

1. श्रीमती पूर्णिमा देवी
2. श्रीमती सुभाषिनी सिन्हा,
3. श्रीमती विदुषी राकेश
4. श्रीमती रतना कुमार

यह कि मेरी सभी लड़के-लड़कियाँ विवाहित है जबकि मेरी लड़कियाँ सभ्रान्त परिवार में विवाहित है तथा अपने पति के साथ सुखी जीवन व्यतीत कर रही है। मेरे बड़े पुत्र श्री रविनन्दन प्रसाद, बिहार राज्य विद्युत बोड में वर्तमान में सुप्रीटेंडिंग इंजीनियर के पद पर कार्यरत है जबकि मेरे छोटे पुत्र श्री राजनन्दन प्रसाद पटना उच्च न्यायालय में वकात करते है।

यह कि मेरा तीन बिगहा एवं 16 कट्ठा जमीन मौजा खाजपुरा, थाना- शास्त्रीनगर, जिला- पटना में अवस्थित था और उसमे 13.4 कट्ठा जमीन पर मेसर्स भाभा होम्स प्रा0 लि0 को विकसित करने हेतु और बहुमंजिली ईमारत नन्दन होम्स के नाम से बनाने हेतु डेवलपमेंट एग्रीमेंट लिखी और एकरारनामा के शर्तो के अनुसार मुझे मालिकाना हिस्सा में फ्लैट मिले जिसमें से

अधिकांश फ्लैटों मैंने बेच दी तथा दो फ्लैट नं.-ए/11 और फ्लैट नं.- ए/13 अभी मेरे पास है। जिसका पूर्ण विवरण खाना नं.-4 वसीकाहाजा में दिया गया है।

यह कि मै पुनः 6-17 कट्ठा जमीन सिका रकवा 8400 वर्गफीट है जो खाजपुरा में अवस्थित है उसे मेसर्स उत्तर घर डेवलपर्स प्रा. लि. को विकसित करने को दे दी। डेवलपमेंट एग्रीमेंट के शर्तो के मुताबिक मुझे कुल निर्माण का 37 प्रतिशत यानि 8 फ्लैट मालिकाना हिस्सा मिला उक्त 8 फ्लैट में से मैंने बेच दी और चार फ्लैट 203, 204, 401 एवं 404 अभी तक मेरे पास है। जिसका पूर्ण विवरण खाना नं.-4 वसीकाहाजा में दिया गया है।

यह कि मैंने बची हुई जमीन जिसका रकवा 20 कट्ठा है। उसपर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से कर्ज लेकर तीन मंजिला ईमारत बनवाई जिसे स्टेट बैंक लर्निंग सेन्टर के नाम से जाना जाता है और निर्माण होने पर मैंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को किराया पर दी। निर्माण का रकवा 36000 वर्गफीट है और वाकी जमीन परती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में प्राप्त किराया की राशि से मैंने कर्ज की राशि चुकता कर दी और अब उक्त ईमारत पर किसी प्रकार का देय नही है। मै स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त किराया की राशि प्राप्त कर रही हूँ। मेरे पास एस. पी.वर्मा रोड में दो मंजिला ईमारत है जिसमें मै अपने बच्चो के साथ रह रही हूँ। उक्त दोनों सम्पतियों का विवरण खाना संख्या-4 वसीकाहाजा में दिया हुआ है।

यह कि मेरे नाम से Pfizer Ltd. तथा Reliance Company का शेयर है एवं मेरे नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एस.पी.बी. के ब्रांच, गाँधी मैदान एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, फ्रेजर रोड में खाता है।

यह कि मै उम्रदराज हूँ और मै कुछ महिनों से अपने को अस्वस्थ महसुस कर रही हूँ और इसी वजह से मेरी इच्छा हुई कि मेरी चल-अचल सम्पति प्रबंध कर दूँ कि मेरी जीवनकाल के बाद मेरी चल एवं अचल सम्पति का सही उपयोग वसीयतनामा के अनुसार हो सके

तथा मेरे परिवार के सदस्यों के बीच अनुचित धारणा और बेवजह विवाद उत्पन्न न हो।

मै यह घोषणा करती हूँ कि लेख्य सम्पति को वसीयतनामा के खाना नं. 4 में वर्णित है इसके साथ ही जो भी सम्पति जो अपने जीवन काल में अर्जित करूँगी अपने जीवन काल में स्वामी बनी रहूँगी।

मै अपनी इच्छा से वसीयत की सारी सम्पतियों को निम्न प्रकार वसीयत करती हूँ :-

1. मै अपने दोनों लडके जिनका नाम श्री रविनन्दन प्रसाद एवं श्री राजनन्दन प्रसाद है को अपनी निवास जो एस.पी.वर्मा रोड, थाना- गाँधी मैदान, जिला- पटना में अवस्थित है को दोनों पुत्र को बराबर-बराबर हिस्से में देती हूँ, जिसका पूर्ण विवरण खाना संख्या-4, लॉट नं.- 4 में है। और मेरे मृत्यु के बाद मेरे दोनों लड़के बराबर हिस्सा के अधिकारी होंगे।

2. मै स्टेट बैक लर्निंग सेन्टर जो मौजा- खाजपुरा, थाना- शास्त्रीनगर, जिला- पटना में अस्थित है जिसका पूर्ण विवरण खाना संख्या-4, लॉट नं.- 01 में वर्णित है को अपने लड़के श्री रविनन्दन प्रसाद एवं श्री राजनन्दन प्रसाद को बराबर शेयर के रूप में वसीयत करती हूँ। मेरे दोनों पुत्र मेरे मृत्यु के बाद बराबर के हिस्सेदार होंगे

3. तारा इनक्लेव खाजपुरा, थाना- शास्त्रीनगर, जिला- पटना के चार फ्लैट जिसका पूर्ण विवरण खाना संख्या-4 में लॉट नं.- 02 वर्णित है उसमें से फ्लैट नं. 203 और 204 को मै अपने बड़े पुत्र श्री रविनन्दन प्रसाद और फ्लैट नं. 401 एवं 403 अपने छोटे पुत्र श्री राजनन्दन प्रसाद को वसीयत करती हूँ।

4. दो फ्लैट जो नन्दन होम्स खाजपुरा, थाना- शास्त्रीनगर, जिला- पटना में अवस्थित है जिसका पूर्ण विवरण खाना संख्या-4 में लॉट नं.- 03 में वर्णित है उसमें से फ्लैट नं. ए/11 अपने छोटे पुत्र श्री राजनन्दन प्रसाद के नाम से वसीयत करती हूँ तथा फ्लैट नं. ए/13 अपने बड़े पुत्र श्री रविनन्दन प्रसाद को वसीयत करती हूँ।

जो कुछ चल एवं अचल सम्पति जो इस वसीयतनामा मे भूलवश वर्णित नही हुआ है या जो इस वसीयतनामा के बाद मेरे द्वारा अर्जित की गई है। उसे मेरे दोनों लड़के जिसका नाम उपर वर्णित है बराबर-बराबर हिस्सा के हकदार होंगे।

मै इसलिए अपने दोनों लड़कों जिनका नाम श्री रविनन्दन प्रसाद एवं श्री राजनन्दन प्रसाद है इस वसीयतनामा के द्वारा ज्वाइंट एक्जीक्युटर नियुक्त करती हूँ।

सम्पति का शिड्युल

मै लेख्यकारिणी जिनका नाम उपर वर्णित इस वसीयतनामा पर अपना हस्ताक्षर निम्न गवाहन के सामने कर रही हूँ। जो मेरे हस्ताक्षर को अभिप्रमाणित मेरे सामने आज दिनांक 26/09/2007 को करते है।

गवाहण :-

1. Vikash Majorwar
S/O Sri B.K. Majorwar
R.F. 143, Kankar Bagh
Colony, Patna-20
26/9/07

श्रीमती तारा देवी
26/9/06
लेख्यकारिणी का हस्ताक्षर

2. Arun Prakash
S/o Sri Gopal Nandan Sahay
DC No - 34(S);
Behind Tarun Kiran Store.
Kankar Bagh Colony.
Patna - 800020.
26/9/07.

Vikash Majorwar 26/9/07
अभिप्रमाणित करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर

लेख्यकारिणी मेरे सामने अपना हस्ताक्षर बनाये जिसे हमलोगों ने अभिप्रमाणित हमलोगों के सामने आज दिनांक 26.09.07 को किये।